समाचार
स्वच्छ भारत मिशन
निगम की कर्मशाला में किया गया सफाई कार्य

कोरबा 15 मार्च 2016 –स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 01 मार्च से 15 मार्च तक संचालित हो रहे आठवे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज निगम की कर्मशाला में निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विशेष साफ–सफाई का कार्य संपादित किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नवम्बर 2015 से पृथक–पृथक विषयों पर आधारित स्वच्छता पखवाडों का आयोजन कोरबा जिले के नगरीय निकायों में कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रदेश क अन्य निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में यह स्वच्छता पखवाड़े आयोजित किए जा रहे हैं। सात चरण के स्वच्छता पखवाडों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात आठवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा '' शासकीय कार्यालयों, भवनों एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों '' विषय पर 01 मार्च से 15 मार्च 2016 तक संचालित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत आज निगम की कर्मशाला में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने एकजुट होकर विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया। इस मौके पर निगम के कार्यपालन अभियंता ग्यास अहमद, सहायक अभियंता भूषण उरांव, सहायक अभियंता योगेश राठौर, महावीर राठौर, बिहारीलाल रजक, बलराम चौहान, जोहन सोनी, श्रीमती राजकुमारी, टी.चन्नैया, राकेश, बलैया, संजय पटेल, ननकी, देव चौहान, पलटन चौहान, अलाउद्दीन खान, शंभू चौहान, दीलचंद भार्गव, योगेश गौतम, आलेख गोंड़ आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया।

नौवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा– स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ों की अगली कड़ी में नौवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा 16 मार्च से 31 मार्च 2016 तक '' पुराना शहर एवं मुख्य बाजार '' की थीम पर संचालित होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च को वार्ड क्र. 12 अमरैयापरा, 17 मार्च को वार्ड क्र. 12 मुड़ापार, 18 मार्च को सुनालिया पुल से शनि मंदिर पुताई, पेंटिंग, पौधा रोपण (जनभागीदारी), 19 मार्च को सुनालिया पुल से शनि मंदिर पुताई, पेंटिंग, पौधा रापण (जनभागीदारी), 21 मार्च को इंदिरा कार्मिशियल काम्पलेक्स, प्रेस काम्पलेक्स, बस स्टैण्ड, 22 मार्च को गीताजलि भवन से एस.डी. सिंह तक मुख्य मार्ग, 24 मार्च को पोड़ीबहार बस्ती, 26 मार्च को घंटाघर चौक से निहारिका सुभाष चौक, 28 मार्च को बालको हाउसिंग बोर्ड, 29 मार्च को दर्रीखार बस्ती, 30 मार्च को वल्लभभाई पटेल नगर दर्री जोन में विशेष सफाई कार्यो व गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

फोटो कमांक–3, 4

समाचार
स्याहीमुड़ी में शासकीय जमीन से हटाया गया अतिकमण
(निगम के अतिकमण दस्ते ने की कार्यवाही)

कोरबा 15 मार्च 2016 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्याहीमुड़ी में शासकीय जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे व नवनिर्माण को आज निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटा दिया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी दी गई कि वे सार्वजनिक व शासकीय स्थलों पर किसी भी हालत में अतिक्रंमण न करें, निगम की अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री योगेश राठौर ने बताया कि निगम के दर्री जोन अंतर्गत आने वाले स्याहीमुड़ी बस्ती में शासकीय जमीन पर 08 से 10 अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध कब्जा करके मकानों का निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर आज निगम का अतिक्रमण दस्ता जे.सी.बी. मशीनों को साथ में लेकर मौका स्थल पर पहुंचा तथा किए गए नवनिर्माण को तोड़कर अतिक्रमण को हटा दिया। उन्होने बताया कि अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई है कि वे सार्वजनिक व शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा न करें, अन्यथा उनके विरूद्ध नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अनवरत रूप से आगे भी जारी रखी जाएगी।

अवैध कब्जे व अतिकमण को प्रोत्साहन न दें– आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने अपील करते हुए कहा है कि नगर निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत किसो भी सार्वजनिक स्थल पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण को प्रोत्साहन न दिया जाए। निगम द्वारा अवैध कब्जे व अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। अतः किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व अवैध कब्जा न करें तथा अतिक्रमण को हटाने के परिणाम स्वरूप होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

भ्रमण के दौरान अवैध कब्जों पर नजर रखें– आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम के जोन कमिश्नरों, राजस्व अधिकारियों, अभियंताओं व मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान अतिक्रमण व अवैध कब्जे पर सतत नजर रखें तथा जहां कही भी नया अतिक्रमण किया जा रहा हो उसकी तत्काल सूचना अतिक्रमण दस्ता प्रभारी को दें। उनहोने दस्ता प्रभारी श्री योगेश राठौर को कड़े निर्देश दिए है कि नया अतिक्रमण व अवैध कब्जा की जानकारी प्राप्त होते ही उसे हटाने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें तथा यह सुनिश्चित करे कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत कही पर भी अतिक्रमण व अवैध कब्जा न होने पाए।

फोटो कमांक–5, 6

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)